भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 579

01 दिसंबर, 2021 को उत्तर के लिए

इस्पात संयंत्र

579. डॉ. मनोज राजोरिया:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में कार्यरत कुल इस्पात संयंत्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार उक्त संयंत्रों के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए किसी योजना पर काम कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में इस्पात के उत्पादन में किस सीमा तक वृद्धि हुई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): कच्चे इस्पात का उत्पादन करने वाले सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में कार्यरत इस्पात संयंत्रों, जो 2020-21 के दौरान देश में चालू थे, का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में है।

(ख): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के कारण, इस्पात संयंत्रों की स्थापना, इस्पात संयंत्रों के आधुनिकीकरण और विस्तार के संबंध में विशिष्ट निर्णय अलग-अलग इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा वाणिज्यिक सोच-विचारों और बाजार की गतिविधियों के आधार पर लिए जाते हैं।

(ग): पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र द्वारा कच्चे इस्पात के उत्पादन का विवरण नीचे दिया गया है:-

वर्ष	**कच्चा इस्पात उत्पादन**		
	सार्वजनिक क्षेत्र	**निजी क्षेत्र**	**कुल**
	मात्रा (एमटी में)	**मात्रा (एमटी में)**	**मात्रा (एमटी में)**
2016-17	18.46	79.48	97.94
2017-18	19.75	83.38	103.13
2018-19	21.50	89.43	110.92
2019-20	20.90	88.23	109.14
2020-21	19.51	84.03	103.54
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी); एमटी=मिलियन टन			

****

अनुलग्नक

इकाइयों की राज्य-वार संख्या का विवरण (2020-21)

क.निजी क्षेत्र	
राज्य	**इकाई**
आंध्र प्रदेश	24
अरुणाचल प्रदेश	3
असम	6
बिहार	13
छत्तीसगढ	80
गोवा	10
गुजरात	71
हरियाणा	14
हिमाचल प्रदेश	25
जम्मू और कश्मीर	8
झारखंड	30
कर्नाटक	24
केरल	29
मध्य प्रदेश	9
महाराष्ट्र	54
मेघालय	5
उड़ीसा	52
पंजाब	114
राजस्थान	31
तमिलनाडु	90
तेलंगाना	27
त्रिपुरा	1
उत्तर प्रदेश	46
उत्तराखंड	39
पश्चिम बंगाल	39
दादरा और नगर हवेली	10
दमन और दीव	3
दिल्ली	2
कुल: निजी क्षेत्र	**869**
कुल: सार्वजनिक क्षेत्र	**9**
सभी क्षेत्र कुल	**878**
स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी)	

ख. सार्वजनिक क्षेत्र	
राज्य	**इकाई**
आंध्र प्रदेश	1
छत्तीसगढ	1
झारखंड	1
कर्नाटक	1
उड़ीसा	1
तमिलनाडु	1
पश्चिम बंगाल	3
कुल	**9**

*****